# आईपीओ मार्केट में बहार, एक से बढ़कर एक धमाकेदार इश्यू

आईपीओ बाजार गुलजार है। आज इक्विटास होल्डिंग की बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई है। आगे भी कई सारे आईपीओ आने वाले हैं। हाल में आए आईपीओ की बात करें तो इक्विटास होल्डिंग्स 110 रुपये के इश्यु प्राइस के मुकाबले 146 रुपये पर लिस्ट हुआ है, यानि 36 रुपये (32 फीसदी) का लिस्टिंग गेन हुआ है। वहीं डॉ लाल पैथ लैब्स 550 रुपये के इश्यु प्राइस के मुकाबले 720 रुपये पर लिस्ट हुआ, यानि 170 रुपये (31 फीसदी) का लिस्टिंग गेन हुआ है। एल्केम लैब 1050 रुपये के इश्यु प्राइस के मुकाबले 1380 रुपये पर लिस्ट हुआ, यानि 330 रुपये (32 फीसदी) का लिस्टिंग गेन हुआ है। हालांकि क्विक हील 321 रुपये के इश्यु प्राइस के मुकाबले 305 रुपये पर लिस्ट हुआ, यानि 16 रुपये (5 फीसदी) का लिस्टिंग लॉस हुआ है। लेकिन नारायण हृदयालय 250 रुपये के इश्यु प्राइस के मुकाबले 291 रुपये पर लिस्ट हुआ, यानि 59 रुपये (16 फीसदी) का लिस्टिंग गेन हुआ है। आगे आईपीओ बाजार में कई और नई एंट्री होने वाली हैं। थाइरोकेयर का आईपीओ 27 अप्रैल को खुलकर 29 अप्रैल को बंद होगा। थाइरोकेयर के आईपीओ का प्राइस बैंड 420-446 रुपये होगा। उज्जीवन फाइनेंशियल का आईपीओ 28 अप्रैल को खुलकर 2 मई को बंद होगा। उज्जीवन फाइनेंशियल के आईपीओ का प्राइस बैंड 207-210 रुपये होगा।

साथ ही प्रताप स्नैक्स का 550 करोड़ रुपये का आईपीओ आने वाला है। एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ भी आईपीओ लाने की तैयारी में है। एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ के आईपीओ में एचडीएफसी 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने वाली है। आरबीएल की ओर से 1100 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 1 महीने में घोषणा संभव है। सेबी ने आरबीएल को सशर्त रकम जुटाने की मंजूरी दी है।

सेठी फिनमार्ट के विकास सेठी का कहना है कि थाइरोकेयर के इश्यू को अच्छा रिस्पॉन्स मिलने की उम्मीद है। थाइरोकेयर की अच्छी लिस्टिंग देखने को मिल सकती है और लंबी अवधि के लिए भी ये अच्छा साबित हो सकता है। वैल्युएशन के लिहाज से थाइरोकेयर के इश्यू का प्राइस बैंड अच्छा नजर आ रहा है। साथ ही उज्जीवन फाइनेंशियल के आईपीओ को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिलने की उम्मीद है। उज्जीवन फाइनेंशियल के इश्यू से निवेशकों को अच्छा पैसा बनाने को मिल सकता है।

विकास सेठी के मुताबिक एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ का इश्यू भी बेहतर रहने की उम्मीद है और इसका निवेशकों को इंतजार रहेगा। एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ का इश्यू आने में काफी समय लग सकता है।